https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 72 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

## सार संक्षेप

### वरिष्ठ भाकपा नेता दिबाकर नायक का निधन



**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ भाकपा नेता और भाकपा ओडिशा के पूर्व सचिव दिबाकर नायक का रविवार को निधन हो गया। नायक 72 वर्ष के थे। पार्टी नेताओं ने बताया कि नायक बीते कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने भुवनेश्वर के खारवेल इलाके में भाकपा के राज्य मुख्यालय में अंतिम सांस ली। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाकपा मुख्यालय भगवती भवन में रखे नायक के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार




**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल घाटी जिलों में कई प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्यों को पिछले 48 घंटों में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के नोंग्दम गांव के पास नेपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया।

### छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों के तबादले




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़े पैमाने पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कुल 20 आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस फेरबदल में 9 जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और दो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बदले गए हैं। इसके अलावा, कई वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारियां दी गई हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### दिल्ली के द्वारका में बेटे ने मां को मारी गोली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका सेक्टर-23 में रविवार को एक महिला को गोली लगने का मामला सामने आया है। वारदात का आरोप उसके 25 वर्षीय बेटे पर है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि धूलसिरस गांव की एक 52 वर्षीय महिला को गोली लगी है।

### वक्फ कानून के विरोध में कार्यक्रम आयोजित




**रांची।** झारखंड के रांची जिले मांडर प्रखंड में वक्फ कानून 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर तहफ्फुज ए वक्फ कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व में मुड़मा मदरसा बगीचा में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोग ने वक्फ कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शामिल हुए। उन्होंने सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही का मंजर

## 3 की मौत, 100 से अधिक लोगों को बचाया

- रामबन में अचानक बादल फटने से बाढ़ जैसे हुए हालात
- जम्मू-श्रीनगर हाईवे पांच स्थानों पर हुआ अवरुद्ध
- मलबे से कई वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए



**जम्मू,** 20 अप्रैल रामबन कस्बे में बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई है। एक सौ से अधिक को बचाया गया है। कस्बे में भयानक तबाही का मंजर है। कई वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि जम्मू-श्रीनगर हाईवे पांच स्थानों से बह चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रामबन कुलबीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्राकृतिक आपदा में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि जिले में 100 से अधिक लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि कल रात से जिले में भारी बारिश हो रही है। बादल फटने से स्थिति और खराब हो गई है।

### धर्म कुंड गांव में 40 मकान क्षतिग्रस्त

अधिकारियों ने बताया कि धर्म कुंड गांव में अचानक आई बाढ़ के कारण करीब 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए. उन्होंने बताया कि एक जलाशय के उफान पर होने के कारण कई गाड़ियां बह गई।

### मुख्यमंत्री उमर ने जताया दुख

राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस त्रासदी पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा, रामबन में हुए दुखद भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से बेहद दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

### मौसम साफ होने पर सफर की अपील

रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की गई है।

अखिलेश यादव का बड़ा ऐलान

# 2027 में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव



**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 2 साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। रविवार को प्रयागराज में अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन जारी रहेगा। इसका मतलब कि यूपी में सपा और कांग्रेस का साथ बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 में होना है। इस चुनाव में अभी काफी समय बाकी है। लेकिन रविवार को यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कि 2027 के चुनाव में सपा और कांग्रेस साथ-साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वह वक्फ (संशोधन) कानून के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। यादव ने महाकुंभ के आयोजन के संबंध में भाजपा की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की तथा वादा किया कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो 'कुप्रबंधन' की जांच कराई जाएगी।

**विधानसभा चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन जारी रहेगा**

### भाजपा को भू-माफिया पार्टी बताया

*जब अखिलेश से 'इंडिया' गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया, 'इंडिया' गठबंधन (मौजूदा) है और रहेगा।' उन्होंने कहा, 'भाजपा वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है ताकि वह जमीन छीन सके। जहां भी उन्हें जमीन दिखती है, वे उस पर कब्जा कर लेते हैं।' उन्होंने भाजपा को 'भू-माफिया पार्टी' करार दिया।*

# निशिकांत दुबे के बयान से भाजपा का किनारा



- दुबे और दिनेश शर्मा के बयान उनका व्यक्तिगत बयान बताया
- दोनों नेताओं ने न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाए थे

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और पार्टी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की ओर से सुप्रीम कोर्ट और देश के मुख्य न्यायाधीश पर दिए गए बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। दोनों नेताओं ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की चल रही सुनवाई के संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाए। भाजपा ने इन बयानों से किनारा करते हुए इसे नेताओं की व्यक्तिगत राय करार दिया और ऐसी टिप्पणियों से बचने का निर्देश जारी किया।

भाजपा ने इन दोनों नेताओं के बयान से दूरी बनाते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी इसका समर्थन नहीं करती। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान है, भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है।' नड्डा ने आगे लिखा, भाजपा ने सदैव ही न्यायपालिका का सम्मान किया है, उनके आदेशों और सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है क्योंकि एक पार्टी के नाते हमारा मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय सहित देश की सभी अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं।

### नड्डा की सफाई सिर्फ डैमेज कंट्रोल: कांग्रेस

कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा की विवादित टिप्पणियों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस ने भाजपा पर कई गंभीर आरोप भी लगाते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी. नड्डा का इन बयानों से खुद को अलग करना सिर्फ क्षति नियंत्रण है, जबकि असल सवाल यह है कि दोनों सांसदों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

खरगे ने बिहार में चुनावी रैली को किया संबोधित

# बिहार को 'डबल इंजन' नहीं, एक ही 'पावरफुल इंजन' की जरूरत

**प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के बीच 'अवसरवादी' गठबंधन बिहार के लोगों के लिए अच्छा नहीं है : मल्लिकार्जुन खरगे**



**भाजपा को झूठ बोलने और नीतीश को बार-बार पाला बदलने पर घेरा**

**बक्सर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू को घेरते हुए भाजपा पर झूठ बोलने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बार-बार पाला बदलने का भी आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और जदयू वाले 'डबल इंजन' की सरकार की बात करते हैं, लेकिन आज बिहार ह्यूमैन इंडेक्स के मामले में काफी नीचे है। उन्होंने कहा कि बिहार को 'डबल इंजन' नहीं, एक ही पावरफुल इंजन की जरूरत है, जो महागठबंधन का इंजन है। कांग्रेस नेता खरगे ने बिहार की एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार के बीच 'अवसरवादी' गठबंधन बिहार के लोगों के लिए अच्छा नहीं है।

### वक्फ (संशोधन) अधिनियम विभाजन की साजिश


उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने के लिए भाजपा-आरएसएस की साजिश है। उन्होंने नीतीश 'इधर-उधर का खेल' खेलने का आरोप लगाया।

### कांग्रेस पार्टी झुकेगी नहीं

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को झुकाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी झुकेगी नहीं। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें संविधान को बचाने के लिए एकजुट रहना होगा और लड़ाई लड़नी होगी।

उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि बिहार की प्रगति, उन्नति और यहां के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए भाजपा को हटाएं, नीतीश कुमार को हटाएं।

# ईस्टर युद्धविराम एक दिखावा : जेलेंस्की



- यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा रूसी सेना की गोलाबारी और हमले जारी

**कीव,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक दिवसीय 'ईस्टर युद्धविराम' को दिखावा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन को अग्रिम मोर्चे पर नुकसान पहुंचाने के लिए मॉस्को की कोशिशें रात भर जारी रहीं।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, कुल मिलाकर, ईस्टर की सुबह तक हम कह सकते हैं कि रूसी सेना युद्धविराम की एक 'धारणा' बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कुछ जगहों पर इसने आगे बढ़ाना और यूक्रेन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश रोकी नहीं है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया कि रविवार की सुबह यूक्रेनी सेना ने फ्रंट लाइन पर गोलाबारी की 59 घटनाएं और हमले के पांच प्रयासों की सूचना दी। उन्होंने कहा कि शनिवार शाम को गोलाबारी की सैकड़ों घटनाएं हुईं।

यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की कि अग्रिम मोर्चे पर गतिविधि कम हुई है, लेकिन लड़ाई बंद नहीं हुई। यूक्रेन के पूर्वी मोर्चे के सैन्य प्रवक्ता विक्टर त्रेहुबोव ने राष्ट्रीय टेलीविजन को बताया, यह कम हो रहा है, लेकिन गायब नहीं हुआ है। ईमानदारी से कहें तो हमें इस बात की बहुत उम्मीद नहीं थी कि ऐसा वास्तव में होगा। रूसी राष्ट्रपति ने शनिवार को यूक्रेन में ईस्टर के मौके पर एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की।

### यूक्रेनी सेना ने रूसी ठिकानों पर गोलाबारी की : रूस

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन दोनों ने रविवार को एक दूसरे पर 30 घंटे के 'ईस्टर युद्धविराम' को तोड़ने का आरोप लगाया। मॉस्को ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 'ईस्टर युद्धविराम' का एक हजार से अधिक बार उल्लंघन किया। इसकी वजह से बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिकों की मौत हुई। मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूसी ठिकानों पर 444 बार गोलीबारी की, जबकि 900 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन हमले हुए।

ममता ने खुला पत्र किया जारी

# भाजपा और आरएसएस हमें बांटना चाहते हैं



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील

**कोलकाता,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए। उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा- ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए।

### राज्य में झूठा अभियान शुरू किया

ममता ने पत्र में लिखा- भाजपा और उसके सहयोगी अचानक पश्चिम बंगाल में बहुत आक्रामक हो गए हैं। इन सहयोगियों में आरएसएस भी शामिल है। मैंने पहले आरएसएस का नाम नहीं लिया, लेकिन अब मुझे उनकी पहचान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन सभी ने साथ मिलकर राज्य में एक दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है।

सिद्दारमैया ने राहुल को खिला पत्र

# रोहित वेमुला के नाम पर एक मसौदा कानून तैयार कर रही सरकार

**बेंगलुरु,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव पर उनकी चिंताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त की है और घोषणा की है कि उनकी सरकार इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए रोहित वेमुला के नाम पर एक मसौदा कानून तैयार कर रही है। शनिवार को श्री राहुल गांधी को संबोधित एक पत्र में,श्री सिद्दारमैया ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल के 16 अप्रैल को लिखे गए पिछले पत्र का जवाब दिया, जिसमें श्री राहुल ने बीआर अंबेडकर के साथ हुए भेदभाव और हाशिए पर पड़े समुदायों की निरंतर दुर्दशा का उल्लेख किया था।

निर्देश | *केंद्र सरकार पर सात लाख मुकदमों का बोझ*

# कानून मंत्रालय ने मुकदमों को कम करने के निर्देश किए जारी

**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता जाता है। मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है।**

अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी।

कानून मंत्रालय के अनुसार, कई बार सरकार जनहित में फैसले तो लेती है, लेकिन उनका सही तरीके से लागू नहीं किया जाना या अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता या फिर गलत लोगों को फायदा पहुंचता है।



- कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा
- बिना वजह की अपीलों को रोका जाएगा

ऐसे में प्रभावित लोग इसे अन्याय मानकर अदालत में केस कर देते हैं। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए कानून मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग ने सरकारी मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत बिना वजह की अपीलों को रोका जाएगा। नोटिफिकेशन और आदेशों में विसंगतियों को दूर किया जाएगा। इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। हर मंत्रालय को इन निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### मुकदमे नहीं, समाधान जरूरी

कानून मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के फैसलों का मकसद जनता की भलाई और सुशासन है। लेकिन जब फैसले ठीक से लागू नहीं होते, तो जनता को ही नुकसान होता है और सरकार पर मुकदमों का बोझ बढ़ता है। इसलिए मंत्रालय चाहता है कि नए निर्देशों से मुकदमे कम हों और प्रशासन बेहतर चले।

# तीन मंजिला खाद्य तेल गोदाम धधका

## फायर ब्रिगेड की 5 गाडियों ने लगाए 10 फेरे, कृषि उपज मंडी में हुई घटना







**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा की कृषि उपज मंडी में तीन मंजिला खाद्य तेल गोदाम में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की 5 गाडियों ने 10 से ज्यादा चक्कर लगाकर आग पर काबू पाया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना दोपहर 12 बजे सुभाष नगर थाना क्षेत्र में स्थित कृषि उपज मंडी में बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम में हुई। स्थानीय पार्षद विजय लड्ढा ने बताया कि रविवार होने के कारण कृषि उपज मंडी और गोदाम बंद था। गोदाम में कोई नहीं था। मंडी में मौजूद लोगों ने आग की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किए। खाद्य तेल के पीपे जलने से आग तेजी से फैली। लोहे की शेड थी, हाइड्रोलिक क्रेन से शेड तोडी स्थानीय पार्षद विजय लड्ढा ने बताया कि गोदाम में ऊपर की मंजिल लोहे के शेड से बनाई गई थी। इसके चलते आग बुझाने में काफी कठिनाई आई। हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से लोहे के टीन शेड को तोड़ा गया। साथ ही गोदाम के निचले हिस्से को भी क्रेन की मदद से तोड़कर अंदर तक फायर ब्रिगेड का पानी प्रेशर से पहुंचाया। इसके बाद मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच आग लगातार रह रहकर धधकती रही । आग लगने में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रथम दृष्ट्या शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण माना जा रहा है। आग से लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया वहीं बिल्डिंग को भी काफी नुकसान हुआ है। फायर फाइटर हिमांशु ने बताया कि गनीमत रही कि आग तेल गोदाम में बने स्टोरेज टैंक तक नहीं पहुंची वरना बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने के बाद गोदाम में रखे प्लास्टिक के कंटेनर जल कर राख हो गए।

## पुलिस ने चाकूबाजी के आरोपी युवक को किया गिरफ्तार



**पल पल राजस्थान**

**राजसमंद।** राजसमंद के नाथद्वारा में चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना श्रीनाथजी मंदिर के थाना इंचार्ज मोहन सिंह के अनुसार गत 18 अप्रैल को गोविंद चौक पर पुरानी रंजिश को लेकर 2 युवकों अर्जुन गुर्जर पुत्र चमन गुर्जर निवासी नई हवेली व जयेश पालीवाल पुत्र दुर्गेश पालीवाल निवासी वल्लभपुरा के बीच झगडा हो गया। झगडा इतना बढ़ गया था कि जयेश ने अर्जुन पर चाकू से हमला कर दिया था। जिसमें अर्जुन घायल हो गया था। इस घटना के बाद पुलिस थाना श्रीनाथजी मंदिर की टीम ने घायल अर्जुन गुर्जर व आरोपी जयेश पालीवाल को इलाज के लिए स्थानीय गोवर्धन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। बाद में पुलिस ने आरोपी जयेश पालीवाल को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया। पुलिस की टीम में थाना इंचार्ज मोहन सिंह, एएसआई नंदलाल, हेड कॉन्स्टेबल शंभूलाल, शोभालाल, कॉन्स्टेबल अर्जुन, गजेंद्र, राहुल, राय सिंह, लक्ष्मीनारायण, ललित शामिल थे।

## उदयपुर में बाइक सवार को दौडा-दौडा कर पीटा, बेल्ट मारे

उदयपुर। दहशत फैलाने और सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए बदमाशों ने सडक से जा रहे एक युवक से मारपीट कर दी। उसकी बाइक के आगे अपनी मोटरसाइकिलें लगा कर रुकवाया और बेरहमी से लात.घूंसे मारे। वह बचने के लिए भागा तो करीब 100 मीटर उसका पीछा कर घेर लिया और बेल्ट से मारपीट कर डाली। युवक आधे घंटे तक सडक पर बेहोश रहा। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढते हुए पहुंचे और अस्पताल ले गए। अस्पताल से ठीक होने के बाद युवक ने शनिवार 19 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामला उदयपुर के बावलवाड़ा थाना इलाके के राष्ट्रीय राजमार्ग 927.ए के ववाई मोड़ का 15 अप्रैल का है। बावलवाड़ा एसएचओ गणपत सिंह ने बताया कि उदयपुर के खेरवाड़ा क्षेत्र के खारवास. नवाघरा निवासी ललित कुमार पुत्र नानजी सडात ने शनिवार को रिपोर्ट दी थी। टीमें बनाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक के बताए हुलिए और पहचान के आधार पर बदमाशों को चिन्हित भी कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी मारपीट का वीडियो डाला गया है। मामले में जांच जारी है। 8 बदमाशों ने रास्ता रुकवाया रिपोर्ट में बताया कि 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ललित गरणवास में रिश्तेदार के घर से अपने घर खारवास.नवाघरा लौट रहा था। उसके साथ आगे.आगे उसके जीजा और बहन भी चल रहे थे। वह थोडा पीछे हुआ तो स्टेट हाईवे 927.ए के ववाई मोड़ पर बाइक सवार आठ बदमाशों ने आगे 2 बाइक लगा दी। रिपोर्ट में बताया कि वह कुछ समझ पाता उससे पहले ही युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके मुंह.नाक और पेट पर मुक्के मारे। वह छोड देने की गुहार लगता रहा। युवकों ने उसे बेल्ट से करीब दो से चार बार मारा और फिर भाग गए। रिपोर्ट में ललित ने बताया. वह मारपीट के बाद करीब आधे घंटे बेहोश हो गया। वह कुछ देर तक नजर नहीं आया तो उसके आगे चल रहे जीजा और बहन ढूंढ़ते हुए वापस आए और अस्पताल पहुंचाया। ललित मारपीट करने वाले युवकों में से कुछ को पहचानता भी है। उसने रोहित ऊर्फ लादूए बबलाए भरत के नाम दिए हैं वहीं 5 अन्य द्वारा मारपीट करना बताया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि युवक को घेरकर लडके मारपीट करते हैं। वहीं युवक हाथ जोडकर मैंने नहीं मारा कहता नजर आ रहा है। लडके पीटते हैं तो वह भागता है, लेकिन पीछा कर उसे फिर से पकड लेते हैं और बेल्ट से मारपीट करते हैं।

## प्रदेश स्तरीय जन चेतना मंच का कार्यक्रम सम्पन्न

**चित्तौडगढ़।** सीतागायत्री ने कहा कि राष्ट्र की भावी पीढ़ी को राष्ट्र जागरण, सांस्कृतिक और भारतीय जीवन मूल्यों और परिवार व्यवस्था की मूल भावनाओं से अवगत कराना समय की मांग है, क्योंकि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से भारतीय सनातन संस्कृति से युवा पीढ़ी का दूर होना चिंताजनक है। सशक्त परिवार की दिशा में भारतीय जीवन मूल्यों से युवा पीढ़ी को संस्कारित करना जागृत परिवार के मुखिया का महत्वपूर्ण दायित्व है। यह विचार उन्होंने जन चेतना मंचन द्वारा जयपुर के हरिश्चंद्र तोतुका सभा भवन में आयोजित मेवाड़ गौरव सुंदर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला में जागृत परिवार ही सशक्त राष्ट्र का आधार विषय पर मुख्य वक्ता के नाते अपने उद्बोधन में कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि परिवार को जागृत रखने के लिए प्रत्येक माता को जीजामाता बनना होगा। स्वर्गीय भंडारी के जीवन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता किसी भी संगठन की पूंजी होता है एवं स्वर्गीय भंडारी ने कार्यकर्ताओं को आत्मीय प्रेम देकर उन्हें जोड़ते हुए वैचारिक संगठन को विराट स्वरूप प्रदान करने के लिए अपने संपूर्ण जीवन को समर्पित कर दिया। इसी कारण आज भंडारी किसी भी संगठन के लिए आदर्श कार्यकर्ता के नाते एक अनूठा उदाहरण है। अतिविशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य शंकरलाल ने कहा कि स्वयं भंडारी का जीवन भारतीय जीवन मूल्यों से ओतप्रोत था जिसे आज संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को सीखने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि संघ के वरिष्ठ प्रचारक कैलाश चंद्र ने कहा कि संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता के नाते स्वर्गीय भंडारी का आदर्श व्यक्तित्व प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए अनुकरणीय है। सरदार जसवीर सिंह ने कहा कि जागृत व संस्कारित परिवार के कारण ही स्वर्गीय भंडारी जैसे कार्यकर्ता संगठन के लिए पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर आगे आए।

## चाय की दुकान में छह महीने में दूसरी बार चोरी

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में साबेला बाइपास स्थित एक चाय की दुकान में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने शनिवार रात को चस्का चाय केबिन को निशाना बनाया। चोर चिमनी का एग्जास्ट तोड़कर छत के रास्ते केबिन में घुसा। उसने दराज तोड़कर करीब ढाई से तीन हजार रुपए चोरी कर लिए। इसके अलावा विभिन्न ब्रांड की करीब दस हजार रुपए की सिगरेट भी ले गया। चोर ने केबिन में लगे तीनों सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। हालांकिए वारदात इससे पहले सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो चुकी थी। दुकान के मालिक विपिन ठाकुर को सुबह साढ़े 5 बजे चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। दुकान मालिक के अनुसार पिछले छह महीने में यह दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित ने बदमाशों की गिरफ्तारी और नुकसान की भरपाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोर की तलाश कर रही है।

## हिस्ट्रीशीटर की हत्या करने जयपुर से बुलाए बदमाश धरे गए

**उदयपुर।** उदयपुर पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या करने की बनाई जा रही योजना से पहले ही हार्डकोर बदमाशों को पकड़ा है। इनसे तीन पिस्टलए पम्प एक्शन गन और 33 कारतूस जब्त किए है। हिस्ट्रीशीटर की हत्या के लिए जयपुर से एक बदमाश को सुपारी देकर उदयपुर बुलाया था। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि उदयपुर की जिला स्पेशल टीम और सूरजपोल पुलिस थाने की टीम ने यह कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर की हत्या करने के प्लान से पहले एक गैंग के तीन बदमाशों को पकड़ा है। गोयल ने बताया कि एएसपी सिटी उमेश ओझाए नगर पूर्व डिप्टी महिपाल सिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम के प्रभारी पुलिस निरीक्षक श्याम सिंह रत्नू और सूरजपोल थानाधिकारी रतन सिंह के साथ टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसपी गोयल ने बताया कि पुलिस टीम ने उदयपुर की नरेश हरिजन गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 अवैध हथियार एवं 33 जिन्दा कारतूस जब्त कर शहर में बड़ी वारदात को टाला है। एसपी ने बताया कि नरेश हरिजन उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है जिसने शहर के एक हिस्ट्रीशीटर को मारने के लिये जयपुर के इमरान उर्फ सरिया नाम के बदमाश को साढ़े तीन लाख रुपए की सुपारी दी व हथियार सहित उदयपुर बुलाया। उन्होंने बताया कि ये एक अन्य हिस्ट्रीशीटर की हत्या का षडयंत्र रच रहे थे और उसी दरम्यान मुखबिर की सूचना पर डीएसटी और सूरजपोल पुलिस की टीम ने दबिश दे दी। गोयल ने बताया कि जब ये लोग हत्या का षडयंत्र रच रहे थे उसी दौरान पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर इमरान उर्फ सरियाए भगवान लाल उर्फ भगवतीलाल मीणा एवं अनिकेत चौहान को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। इसमें जयपुर के रामगंज बाजारए भिश्तियों का मोहल्ला और हा थडी मार्केट, मानसरोवर जयपुर निवासी इमरान उर्फ सरिया उर्फ मोगली पुत्र मोहम्मद असलमए सलूंबर के पडूणा निवासी भगवान लाल उर्फ भगवती लाल पुत्र अमरा तथा उदयपुर के अंबामाता स्थित हरिजन बस्ती हाल नाड़ाखाड़ा उदयपुर निवासी अनिकेत पुत्र नरेश चौहान शामिल है। एसपी गोयल ने बताया कि बदमाश इमरान उर्फ सरिया के विरूद्ध 38 प्रकरण हत्या का प्रयासए अवैध वसूली, अपरण, मारपीट, चोरी, नकबजनी, लूट, आयुध, फिरोती, हिरासत से फरार होना जैसे गंभीर अपराध राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज है। बदमाश भगवानलाल उर्फ भगवतीलाल के विरूद्ध 03 प्रकरण चोरी के दर्ज है तो गैंग के मुख्य सरगना फरार नरेश हरिजन के विरूद्ध 35 प्रकरण हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, अपहरण, मारपीट, चोरी, नकबजनी, जुआ, आयुध, फिरोती जैसे गंभीर अपराध दर्ज है।

### महापुरूषों की प्रतिमा की सफाई की

चित्तौडगढ़। फिट चितौड़ क्लब सदस्यों द्वारा कलेक्ट्रेट चौराहे पर मीरा बाई की बारात, गांधी जी की दांडी यात्रा एवं गांधीजी की प्रतिमा के साथ ही पार्क की साफ सफाई की गई। सांसद जन सुनवाई केन्द्र के सामने पार्क व प्रतिमा स्थल से प्लास्टिक, गंदगी, सूखे पत्तो की साफसफाई करके परिसर को स्वच्छ किया। संरक्षक सांसद सी पी जोशी की पहल पर अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को महापुरुषों की प्रतिमाओ और पार्कों की साफ सफाई का अभियान चलाकर सांसद जोशी के मार्गदर्शन में स्वच्छता के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

## अनुराग कश्यप का मुंह काला करो और एक लाख लो...चाणक्य सेना ने की घोषणा



जयपुर। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी आने वाली फिल्म फुले को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर बुरी तरह फंस गए। उन्होंने ब्राह्मण समाज पर एक पोस्ट लिखी थी। इसके बाद उनके खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। लोग अलग.अलग जगह पुलिस थानों में पहुंच कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा रहे हैं। अनुराग कश्यप की टिप्पणी के बाद उनके सहकर्मियों और परिवार के लोगों को भी धमकियां मिल रही हैं। जयपुर में भी ब्राह्मण समाज के लोगों ने थाने पहुंच कर शिकायत दी। जयपुर में ब्राह्मण समाज के लोग बजाज नगर थाने पहुंचे। अनुराग कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया। अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के युवा अध्यक्ष केशव दाधीच के साथ मुरारी लाल शर्मा और कई अन्य लोग बजाज नगर थाने पहुंचे। कश्यप ने ब्राह्मणों पर पेशाब करने जैसी अशोभनीय टिप्पणी की थी। दरअसल, अनुराग कश्यप के ब्राह्मणों समाज के खिलाफ किए गए ट्वीट को लेकर प्रदेश में बवाल बढता जा रहा है। इस मामले को लेकर ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश है। इसको लेकर राजधानी जयपुर में चाणक्य सेना ने बडी घोषणा करते हुए एक लाख रुपये देने की बात की है। इस घोषणा में कहा गया है कि उस व्यक्ति को एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा, जो अनुराग कश्यप का मुंह काला करेगा। इससे पहले ब्राह्मण समाज ने बजाज नगर पुलिस थाने के सामने जमकर प्रदर्शन किया और अनुराग कश्यप के फोटो पर जूते मार कर विरोध किया। ब्राह्मण समाज के विरुद्ध की गई टिप्पणी से जयपुर में ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश है। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंकज पचलंगिया ने बताया कि फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध की गई टिप्पणी से समाज में भारी रोष है।

इस टिप्पणी के लिए उन्हें सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा अनुराग कश्यप की कोई भी फिल्म राजस्थान में रिलीज नहीं होने दी जाएगी। समाज के लोगों ने यह भी धमकी दी है कि अनुराग कश्यप आगामी दिनों में राजस्थान में आया तो उसका स्वागत जूतों से किया जाएगा।

एडवोकेट पचलंगिया ने कहा कि आजकल यह प्रवृत्ति बन गई है कि लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए ब्राह्मण समाज के विरुद्ध टिप्पणी करते हैं। अनुराग कश्यप की फिल्में नहीं चल रही है। इसलिए उन्होंने भी ब्राह्मण समाज के विरुद्ध बोलने की हिम्मत की ब्राह्मण समाज के लोगों का कहना है कि अनुराग कश्यप को यह एहसास नहीं है कि ब्राह्मण समाज कहीं भी कमजोर नहीं है। गौड़ ब्राह्मण महासभा ने अनुराग कश्यप को खुलेआम चुनौती दी हैं कि हिम्मत है तो राजस्थान में आकर दिखाएं। अगर वे सार्वजनिक रूप से समाज से माफी मांगे तो उन्हें माफ किया जा सकता है। एडवोकेट पचलंगिया ने महाराष्ट्र सरकार से मांग की है कि ऐसे व्यक्ति खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। समाज में द्वैषता फैलाने वाले व्यक्ति की सभ्य समाज में आवश्यकता नहीं है। अनुराग कश्यप की यह हरकत उनकी मानसिक विकृति दर्शाती है।

### अनुराग कश्यप ने माफी मांगी

बढ़ते विवाद और तीखी प्रतिक्रिया के बीच अनुराग कश्यप ने माफी मांगते हुए स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया है।

उन्होंने कहा कि घटना के बाद से उनकी बेटीए परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों को बलात्कार और मौत की धमकियां मिल रही हैं। अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट शेयर करते हुए एक नोट में लिखा कि यह मेरी माफी है। मेरी पोस्ट के लिए नहींए बल्कि उस एक पंक्ति के लिए जिसे संदर्भ से बाहर लिया गया और जो नफरत पैदा कर रही है। कोई भी कार्रवाई या भाषण इस लायक नहीं है कि आपकी बेटीए परिवारए दोस्तों और सहकर्मियों को तथाकथित संस्कार ;सांस्कृतिक मूल्योंद्ध के पथप्रदर्शकों से बलात्कार और मौत की धमकियां मिलें।

### केंद्रीय मंत्री ने भी दी थी चेतावनी

केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने फिल्म फुले को लेकर चल रहे विवाद के बीच इंस्टाग्राम पर ब्राह्मण समुदाय के बारे में अनुराग कश्यप की विवादास्पद टिप्पणी पर निशाना साधा है। कोयला और खान राज्य मंत्री ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि यह नीच व्यक्ति अनुराग कश्यप सोचता है कि वह पूरे ब्राह्मण समुदाय पर गंदी बातें कहकर बच जाएगा? अगर उसने तुरंत सार्वजनिक माफी नहीं मांगी, तो मैं कसम खाता हूं कि उसे कहीं शांति नहीं मिलेगी।

इस गंदे मुंह वाले के नफरत भरे बोल अब और बर्दाश्त नहीं। हम चुप नहीं रहेंगे! गौरतलब है कि बीते दिनों अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों को लेकर एक विवादित कमेंट किया था।

## 9वीं-11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 24 से

उदयपुर। सरकारी स्कूलों में 9वीं.11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 24 अप्रैल से शुरू होंगी। ये 8 मई तक चलेंगी। 11वीं की परीक्षा कुछ विद्यार्थियों के लिए चुनौती भी खडी करेगी। उन्हें एक ही दिन में दो.दो विषयों के पेपर देने पडेंगे, ऐसा पांच बार होगा। पहली पारी सुबह 7.45 से 11 बजे और दूसरी 11. 30 से 2.45 बजे तक चलेगी। परीक्षा के दौरान तापमान 40 डिग्री या इसके पार जाने की संभावना है। ऐसे में सुबह की पारी के विद्यार्थी तो थोडी राहत में रहेंगे। लेकिन दूसरी पारी के छात्र.छात्राओं को झुलसती गर्मी झेलनी पडेगी। ज्यादातर परीक्षा कक्ष ऐसे हैं, जिनमें एक ही पंखा है। ऐसे में शिक्षक संगठन भी दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह की पहली पारी में करवाने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि 9वीं की परीक्षा में उदयपुर में 24 हजार और 11वीं में 26 हजार बच्चे शामिल होंगे। प्रदेश में दोनों ही कक्षाओं के बच्चों की संख्या 6 लाख के आसपास रहेगी। शिक्षक संघ राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष शेरसिंह चौहान का कहना है कि विभाग को दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह की पारी में करवानी चाहिए। उधरए डीईओ माध्यमिक लोकेश भारती ने कहा कि निदेशालय से मिले निर्देशों के अनुसार ही परीक्षाएं करवाई जा रही हैं। कोई बदलाव होगा तो किया जाएगा।

## परिवहन विभाग : मोबाईल नंबर अपडेट हेतु विशेष अभियान

राजसमंद। जिला परिवहन कार्यालय राजसमन्द में पंजीकृत समस्त वाहनों के पंजीयन प्रमाणपत्र में मोबाईल नंबर अपडेट करने के लिए दिनांक 21 अप्रैल से 10 दिवस का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें वाहन पोर्टल पर वाहन स्वामियों के मोबाईल नंबर अपडेट किये जाएंगे। जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि वाहन स्वामी कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर मोबाईल नंबर अपडेट करवा सकते है। मोबाईल नंबर अपडेट होने से वाहन स्वामी घर बैठे अपने वाहन के संबंध में वाहन सिटीजन पर उपलब्ध सेवाओं का लाभ ले सकता है, चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है एवं ऑनलाईन चालान को कम्पाउण्ड भी करवा सकता है।

## पीएचईडी प्रोजेक्ट के एसई के ठिकानों पर पहुंची एसीबी

बांसवाड़ा। राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो पीएचईडी में सरकारी इंजीनियर अशोक जांगिड़ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में कार्रवाई कर रही है। अशोक जांगिड के प्रदेश के छह जिलों में 19 ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में 2 टीमों में करीब 250 कर्मचारी हैं। रविवार सुबह एसीबी की टीम बांसवाड़ा में भी विभाग के प्रोजेक्ट ऑफिस में सर्च कर रही है। इस कार्रवाई में एसीबी ने पीएचईडी विभाग बांसवाड़ा, खनिज विभाग, उप.पंजीयक कार्यालय और अन्य सरकारी संस्थानों से जुड़े कई रिकॉर्ड जब्त किए हैं। टीम सभी दस्तावेज की जांच में जुट गई है। साथ ही किसी भी बाहरी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा। टीम विभाग के अन्य अधिकारियों को भी बुलाकर कुछ पूछताछ कर रही है। एसीबी ने प्रदेश में एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग बांसवाड़ा के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जांगिड़ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शनिवार और रविवार को 14 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आज भी जारी है। इस कार्रवाई में करीब 11.50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तियों का खुलासा हुआ हैए जो उनकी आय से 161 प्रतिशत अधिक पाई गई है।

## अपनों से अपनी बात आज से

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान के हिरण मगरी सेक्टर-4 स्थित मानव मंदिर में त्रिदिवसीय अपनों से अपनी बात कार्यक्रम आज से आरंभ होगा। इसमें देश के विभिन्न भागों से निःशुल्क सर्जरी एवं कृत्रिम हाथ.पांव लगवाने के लिए आने वाले दिव्यांगों में कौशल विकास और उनके प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर चर्चा होगी। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम को संस्कार चैनल से देशभर में प्रसारित किया जाएगा। संस्थान प्रवक्ता ने बताया कि अपराह्न 4 से 7 बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में व्यवस्थित जीवन प्रबंधन पर विचार साझा किए जाएंगे।

## पक्षियों के लिये बांधे परिंडे

चित्तौडगढ़। पूज्य सिंधी पंचायत विकास समिति व झुलेलाल युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान मे रविवार को प्रताप नगर स्थित शहीद हेमुं कालानी पार्क व आस पास के विभिन्न स्थानो पर पक्षियो के लिए परिण्डे लगाए। योगेश भोजवानी व राजेश तुलसानी ने बताया कि भीषण गर्मी में तापमान 45 डिग्री पर पहुच गया है तथा आने वाले समय में इसमें ओर बढोतरी की सम्भावना है। ऐसे समय में बेजुबान पक्षियो को पानी के लिए भटकना पड़ता है। पूज्य सिंधी पंचायत व झुलेलाल युवा सेवा समिति के पदाधिकारियो व सदस्यो द्वारा शहीद हेमुं कालानी पार्क व आस पास के विभिन्न स्थानो पर 21 परिण्डे लगाकर उनमें लगातार पानी भरने की जिम्मेदारी भी तय की।

# सज्जनगढ़ बायो पार्क में आग, अंदर से भागे टूरिस्ट










उदयपुर के सज्जनगढ़ सेंचुरी की तलहटी में स्थित बायोलोजिकल पार्क में आज आग लग गई। कुछ समय बाद ऐसी विकराल हो गई कि आग की लपटे बायोलोजिकल पार्क में वन्यजीवों के पिंजरों के पास चली गई। लपटों को देखकर वहां घूम रहे टूरिस्ट घबरा गए और वहां से भागे और बाहर निकले। बाद में कुछ वन्यजीवों के पिंजरे तक आग पहुंचने के बाद वहां पर आग स्टाफलगाया गया। आग के बाद बायो पार्क बंद कर दिया गया।

सुबह करीब 11.45 बजे सज्जनगढ़ बायो पार्क में गोल्फ कार्ट वाले स्टैंड के पास सेंचुरी से सटी दीवार के वहां घास में आग लग गई। सुखी घास जलने लगी और थोड़ी देर में आसमान में इस कदर का धुंआ उठ गया कि सबको लगा विकराल आग लग गई।

इस बीच वन विभाग और बायो पार्क का स्टाफ भी आसपास से जहां आग लगी वहां पहुंचा और फायर स्टेशन पर सूचना दी। वहां देखा गया कि आग की लपटे और धुंआ फैलता जा रहा था। बायो पार्क में घूमने आए टूरिस्ट भी आग की लपटे देखकर घबरा गए और वहां पार्क को छोड़कर अंदर से पैदल ही भागे और बाहर निकले। इस बीच फायर स्टेशन से दमकल वहां पहुंची और आग बुझाने में जुट गए। करीब एक.एक कर तीन दमकल वहां पहुंची आग की लपटे वहां वन्यजीवों के पिंजरों के पास पहुंच गई तब वनकर्मियों के होश उड़ गए लेकिन दमकल की पानी की बोछारों से आग पर कंट्रोल किया। वहां पर आग को देखकर बंदर और एमू पक्षी भी पिंजरे में इधर.उधर कूदते देखे गए। इस बीच कुछ वन्यजीवों के पिंजरों के पास वनकर्मियों को लगाया गया और एक दमकल भी लगा दी। दमकल ने पानी की बोछारे छोडी उसके बाद वहां आग बंद हुई। करीब डेढ़ बजे जाकर आग पर कंट्रोल हुआ।

आग के विकराल रूप को देखते हुए बायो पार्क के अंदर जो सर्विस रोड थी उस पर खडी गोल्फकार्ट को भी बायो पार्क से बाहर निकाला गया।

इस दौरान वन विभाग ने मौके की स्थिति देखकर सबसे पहले बायो पार्क में टूरिस्ट का प्रवेश आज बंद कर दिया। वहां पर जो टूरिस्ट पहले टिकट लेकर गए वह भी डर के मारे बाहर निकल वहां से चले गए।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम की सतत चिकित्सा शिक्षा पर की चर्चा

उदयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर शहर का स्नेह मिलन कार्यक्रम होटल हार्वर्ड जोहनसन में रखा गया। कार्यक्रम में सतत चिकित्सा शिक्षा पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष एवं प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में आरएनटी प्रीमियर लीग की चैंपियन टीम पिडिया सुपर किंग के ओनर दीपक मेघवाल एवं कप्तान प्रशांत सोनी व टीम का उपरणा ओढ़ाकरए पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुशील गुप्ता शिशु रोग विशेषज्ञए डॉ अपूर्व सिंह पिडियाट्रिक सर्जन गीतांजलि हास्पिटल उदयपुर व नर्सिंग अधीक्षक हरिलता गंधर्व थी। विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक अमीन खान, श्रीदेवी एम, जितेंद्र भटनागर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रमेश मीणा, सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी अतिथियों का सम्मान कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चौहान, राजेश व टीम ने उपरणा ओढ़ाकर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सतत चिकित्सा शिक्षा पर चर्चा की गई। सतत चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा क्षेत्र में दक्षता बनाए रखने, चिकित्सा क्षेत्र और अन्य संबंधित विषयों में नए और विकासशील क्षेत्र के बारे में जानकारी के लिए सतत शिक्षा एक विशिष्ट स्थान रखती हैं ।चिकित्सा क्षेत्र में मानव संसाधन के विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि समय से पूर्व जन्म लेने वाले शिशुओं की शिशु रोग विशेषज्ञ की देखरेख में ईलाज किया जाएं तो वे स्वस्थ होते हैं और उनका समुचित विकास भी होता है। कार्यक्रम में नारायण सिंह राठौड, महेंद्र सिंह सारंगदेवोतए रमेश पंजाबी, दिनेश सिसोदियाए राजेंद्र जोशी, कृष्ण अवतार गुप्ता, शकीला अंसारी, सुनीता सिंह, पुष्पा मालवारी, चंद्रकांता तलेसरा, मंजू वैष्णव, रेखा चौहान, शर्मिला माली, सुनीता खंडेलवाल, देवीलाल, जाकिर,गुलाब सेन लक्ष्मी लाल सालवी, मुस्तन सर बोहरा, ओमप्रकाश खंडेलवाल, हेमंत आमेटा, सुर्य प्रकाश चौहान, करण सिंह दक, प्रकाश गॉड, कन्हैयालाल पूर्बिया, सीताराम, जगदीश भांडावत, सचिन वैष्णव, पंकज पारिक, धर्मेंद्र, रमेश आर्य, जगदीश पूर्बिया, सुमित्रा, शांति लाल रेगर, मनीष शर्मा सहित कई सिनियर नर्सिंग आंफिसर उपस्थित थे।

### निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान सेवा के 6 वर्ष पूरे

# एक व्यक्ति के सहयोग से शुरू हुई व्यवस्था में आज सैकड़ों लोग कर रहे सहयोग

**उदयपुर।** समाजसेवी अशोक पोखरा ने वर्ष 2015 में अपनी आय के 10 वें हिस्से को समाज सेवा में खर्च करने की ईच्छा के साथ जरूरतमंदो को खाना खिलानें के उद्देश्य से अकेले सेवा कार्य प्रारम्भ किया। जरूरतमंदो को खाना खिलानें का अकेले से शुरू हुए इस सफर में आज सैकड़ों लोग जुड़ चुके है और गिने-चुने लोगों को खाना खिलानें से हुई शुरूआत आज प्रतिदिन 300 लोगों को खाना खिलानें तक पंहुच चुकी है।




एमबी हॉस्पीटल परिसर में चल रही निःशुल्क भोजन सेवा केन्द्र में आयोजित प्रेस वार्ता में अशोक कुमार पोखरा ने बताया कि अपनी आय के 10 प्रतिशत हिस्से को मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए दाल, पूरी वितरण से प्रारम्भ किया लेकिन इससे मुझे सुकून नहीं मिला। मुझे एक अच्छा प्लेटफार्म की तलाश थी उसके लिए मेरा मन बेचैन रहने लगा। एक दिन अचानक 2017 में मुझे कार्डियोलॉजी जाने का मौका मिला, वहां पर मरीजों,उनके परिजनों को परेशान और भूख से बेहाल देखा तो मेरी आंखे खुल रह गई,फिर मैंने बैठे 8 ,10 व्यक्तियों से चर्चा की और उसी समय तुरंत जाकर 10 ब्रेड के पैकेट 2 किलो नमकीन और तीन पानी की बोतल लेकर आया और सभी परिजनों को वहां बिठाकर नमकीन और ब्रेड के पैकेट खोल और अपने इष्ट देव का नाम ले उन्होंने भोग लगाने के लिए बोला केवल 10 मिनट में सारी सामग्री खत्म हो गई उसे दिन मुझे काफी सुकून मिला। परंतु रात भर नहीं सो पाया कि आगे कैसे क्या किया जाए कोई रास्ता नहीं मिला। उन्होंने बताया कि काफी विचार,चिंता सोच बाद जनवरी 2018 के प्रथम रविवार को प्रातः 10 बजे बजे भोजन के 50 पैकेट बनवा कार्डियोलॉजी के ग्राउंड फ्लोर पर सभी परिजनों को पैकेट वितरण किया परंतु यह भी कम पड़ा और भोजन करने वाले ज्यादा थे उस स्थिति में मैंने उन परिजनों को 10 मिनट इंतजार करो दूसरा भोजन लाता हूं फिर पुनः उस दिन 20 पैकेट ब्रेड के 3 किलो नमकीन लाकर वितरण वितरण किया उसे दिन भी मुझे काफी खुशी और सुकून मिला लेकिन उससे कहीं गुना ज्यादा दुखी हुआ। मैनें इस सेवा कार्य को सुचारू रूप से चलानें के लिये लोगों से मदद मांगी लेकिन कोई आगे नहीं आया और मेरे बारें में गलत बोलने लग गये। मुझे केवल दुख इन परेशान परिजनों का था। उसे रात भी मुझे नींद ने परेशान किया। उसी दरम्यिान एडवोकेट बसंत भट्ट ने इस काम को प्रोत्साहन देते हुए बड़ा सम्मान पूर्वक मेरा मार्गदर्शन किया और वही वे ऐसे शख्स थे जिन्होंने मेरे इस काम को समझा आया और मेरा आगे का मार्गदर्शन किया। निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान के असल में वही जन्मदाता बनें। 28 अप्रैल 2019 रविवार को प्रातः10 बजे 20 किलो आटे की रोटी और सब्जी की व्यवस्था कर भोजन वितरण किया जाए। ऐसा ही हुआ मैंने रोटी, आलू की सब्जी और पानी का एक केन के साथ पांच व्यक्तियों की मदद लेकर गार्डन के बाहर भोजन सामग्री पहुंचाई ये पांच व्यक्ति मेरे साथ उ.स. सोनी,रामेश्वर लाल जिनगर और दोनों मेरे बेटे आयुष पोखरा और मीनल पोखरा थे। यह सेवाका सिलसिला प्रत्येक रविवार को चलते-चलते परिजनों को भोजन वितरण की संख्या 750 बन गई और धीरे-धीरे समय के अनुसार इसका नाम भी निःशुल्क भोजन वितरण सेवा परिवार में बदल गया। पोखरा ने बताया कि इसी के साथ करोना काल में भी यह सेवा निर्बाध गति से जारी रही। इस सेवा में नए-नए साथी जुड़े और 2022 में सेवा परिवार का नाम रजिस्टर्ड निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान में बदल गया। तत्पश्चात इसी के साथ मेरे मन की इच्छा पूरी करने के लिए एम.बी. चिकित्सालय के प्रशासन और डॉ विपिन माथुर द्वारा संस्थान के उद्देश्य और सेवा से प्रभावित होकर संस्थान को एक अच्छा परिसर अलॉट किया। उस परिसर में निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान को आज 18 महीना से भोजनशाला आज चल रही है।

# मुख्यमंत्री पर तकलीफ आने वाली है : डोटासरा

## आरएसएस और इनमें झगड़ा, ध्यान भटकाने के लिए पुराने केस खोले

**उदयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को उदयपुर में राजस्थान की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तकलीफ आने वाली है। इसलिए आजकल वे दिल्ली दौरे ज्यादा कर रहे हैं। डोटासरा ने उदयपुर में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हो रहे एक्शन पर भर सवाल उठाए। पीसीसी चीफ ने शनिवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शेखावाटी दौरे पर कमेंट किए थे। वहीं, सीएम ने सीकर के बाजौर की जनसभा में कहा था कि. पंजा मत दिखाइए, इस पंजे ने प्रदेश को गंजा कर दिया है। कोई न कोई मुख्यमंत्री को तकलीफ आने



वाली है इसलिए उन्होंने आनन-फानन में प्रदेश में दौरे बनाए हैं। लेकिन, उसमें लोग आ नहीं रहे हैं। मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहूं जनता जान चुकी है कि सीएम स्वयंभू भागीरथ बनकर कभी शेखावटी में आभार प्रकट करवा रहे हैं। कभी देव दर्शन यात्रा कर रहे हैं। उनके दिल्ली दौरे भी ज्यादा हो रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि विधानसभा में सीएम ने फरवरी 2024 में कहा कि 4 महीने में डीपीआर बनेगी और यमुना जल आएगा। डीपीआर बनी नहीं और अब कह रहे हैं कि अफसरों के साथ मीटिंग करेंगे। अरे भाई सीएम की अफसरों के साथ मीटिंग करना बड़ी बात है क्याघ् ये तो रोजाना ही होती रही होगी। सीएम तो डीपीआर की तारीख ही बता दें। वे यात्रा किस बात की कर रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि एक दिन पहले सीएम शेखावाटी में थे। मैं कहना चाहता हूं कि 8 हजार करोड़ की इंदिरा गांधी नहर परियोजना की वित्तीय स्वीकृति कांग्रेस सरकार में मिल चुकी थी। अब तो मात्र केवल टेंडर प्रक्रिया करनी थीए इसके बाद भी उन्होंने अपने 2024.25 बजट में इसको डाल दियाए लेकिन आज की तारीख कोई टेंडर नहीं है, कोई वर्क ऑर्डर नहीं है और काम नहीं है? उन्होंने कहा कि ईडी और इनकम टैक्स का ये मिस यूज कर रहे हैं। ये इनके झगड़े हैंए बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष इनसे बन नहीं पा रहा है। आरएसएस में और इनमें झगड़ा है इन सब में ध्यान बंटाने के लिए आनन-फानन में सोनिया गांधी के 14 साल पुराने बंद केस पर चार्जशीट पेश कर दी है। ये कोर्ट में ठहरेगी नहीं। उन्होंने कहा कि संभावित है कि 28 अप्रैल को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान में आने वाले है और बड़ी मीटिंग करके बता देंगे कि ये बीजेपी की मनमर्जी चलने वाली नहीं है।

## पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता अभियान को लेकर फतहसागर पर रैली आयोजित

उदयपुर। महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी उदयपुर द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एकल उपयोग प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पृथ्वी को होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए, पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता अभियान के तहत् आज फतहसागर की पाल पर र-ैली आयोजित की गयी। रैली में पर्यावरण की रक्षा के लिए सिंघल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करनें ,विकल्पों को अपनाने , धरती को बचाने के लिए कपड़े की थैली का अधिक से अधिक इस्तेमाल करनें, कपड़े की थैली मेरी सहेली, आदि संदेशों के 6-6 ध्वजों के साथ 10 अन्य पर्यावरण संरक्षण संदेशों की तख्तियों के साथ नारों की गूंज पूरी फतेहसागर पाल पर रही। मॉर्निंग वॉक के साथ आयोजित रैली का काफी संख्या में आने वाले अन्य वॉकरों ने पूर्ण समर्थन किया। रैली के बाद भीषण गर्मी में परिंदों के दाना-पानी हेतु परिंडो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी के वीर करुण चंडालिया अध्यक्ष, वीर नरेन्द्र लोढ़ा सचिव, वीर ललित लोढ़ा उपाध्यक्ष, वीर करन कटारिया स.सचिव, वीर गोतम राठौ ड उपाध्यक्ष रीजन 4, वीर विश्वास जैन संभागीय सचिव, वीर नरेन्द्र धाकड़, वीर रमेश मेहता, वीर दिलीप कावडिया समेत 65 वीर-वीराऐं उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संयोजन वीर राकेश बापना एवं वीर प्रकाश तलेसरा द्वारा किया गया। स्वागत उद्धबोदन वीर करुण चंडालिया अध्यक्ष एवं आभार नरेन्द्र लोढ़ा सचिव द्वार व्यक्त किया गया।

# न्यायपालिका पर हमला भाजपा की फासीवादी सोच का प्रतीक : कांग्रेस

■ निशिकांत दुबे पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर बोला हमला

**रांची**,20 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. इरफान अंसारी ने गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला। डॉ. अंसारी ने रविवार को जामताड़ा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसे भारतीय लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे का बयान न केवल सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि यह लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने वाला है।

भाजपा अब न्यायपालिका को भी अपनी कठपुतली बनाना चाहती है। यह बेहद खतरनाक संकेत है। डॉ. अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आज देश नहीं जागा, तो भाजपा संविधान और कानून व्यवस्था को भी खरीद लेगी। ये लोग जातिगत ज़हर घोलकर न्यायपालिका को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से मांग की कि निशिकांत दुबे को तत्काल संसद सदस्य पद से बर्खास्त किया जाए और उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो। उन्होंने यह भी कहा कि देश की तीनों प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका-में संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है, और जब न्यायपालिका पर ही हमला होगा तो लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं बचेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के जामताड़ा जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, वरिष्ठ नेता अजीत दुबे, विजय दुबे, नंदकिशोर सिंह, कराली चरण सरखेल,निशापति हांसदा, बीरबल अंसारी, हराधन भुई, शाहिद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा उच्चतम न्यायालय के अधिकार पर उंगली उठाना उनके बाद बड़बोलेपन अल्पज्ञान का परिचायक है। संविधान की धारा 13 धारा 25 सहित कई धाराएं उच्चतम न्यायालय को शक्ति देती है कि संविधान की मूल भावना के विपरीत कोई कानून बनेगा तो वह उसकी समीक्षा कर सकती है। इस तरह के मामले में 1973 में केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के मामले में 13 जजो की खंडपीठ द्वारा फैसला दिया जा चुका है। यह बयान एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस संविधान, लोकतंत्र, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है।

कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करेगी। उत्तम न्यायालय के संदर्भ में की गई बातें न्यायालय की अवमानना है। क्रिमिनल रिट का मामला बनता है अगर आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा।




भाजपा अब न्यायपालिका को भी अपनी कठपुतली बनाना चाहती है यह बेहद खतरनाक संकेत : डॉ. इरफान अंसारी

## निशिकांत दुबे का बयान भड़काऊ व असंवैधानिक : कांग्रेस

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा उच्चतम न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना पर दिए गए बयान की कांग्रेस सरकार घोर निंदा करती है। उनका यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है जो गहरी चिंता का विषय है। उनकी टिप्पणी न सिर्फ अपमानजनक है बल्कि लोकतंत्र के मूल स्तंभ पर सीधा प्रहार है। यह बयान न्यायपालिका का सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने-धमकाने वाला है,न्यायालय की स्वतंत्रता को छिनने वाला है। उनका बयान दर्शाता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है। कांग्रेस का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद द्वारा इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। भाजपा की रणनीति का यह हिस्सा है,यह बयान देश में वैमनष्यता, विद्वेष को फैलाने वाला और देश को अराजकता की ओर धकेलने वाला है। इतने बड़े बयान से पार्टी को दरकिनार कर भाजपा अपना पल्लू झाड़ रही है।

# बीदर कॉलेज के दो अधिकारी निलंबित

**बीदर**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक में बीदर के साईं स्फूर्ति प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में जनेऊ विवाद में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अधिकारियों पर एक विद्यार्थी ने आरोप लगाया था कि उसे कर्नाटक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) में बैठने नहीं दिया गया था। विद्यार्थी ने आरोप लगाया था इन अधिकारियों ने जनेऊ उतारने से इनकार करने पर उसे सीईटी की परीक्षा नहीं दे दी थी। गौरतलब है कि जनेऊ हिंदू पुरुषों द्वारा पारंपरिक रूप से पहना जाने वाला पवित्र धागा है। छात्र सुचिव्रत कुलकर्णी को 17 अप्रैल को अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के गणित के पेपर में शामिल होना था। उसने दावा किया कि कॉलेज के निरीक्षकों ने उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से रोक दिया, जब तक कि उसने जनेऊ नहीं उतारी या काट नहीं दिया। सुचिव्रत ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने उनसे 45 मिनट तक विनती की। उनके बार-बार अनुरोध के बावजूद उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, उन्होंने कहा कि मैं तभी परीक्षा दे सकता हूं, जब मैं अपनी जनेऊ उतार दूं। मैं चाहता हूं कि सरकार या तो मुझे फिर से परीक्षा देने की अनुमति दे या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे। शिकायत के बाद बीदर जिला प्रशासन ने घटना की जांच शुरू की। बीदर के उपायुक्त ने कॉलेज के प्राचार्य चंद्र शेखर बिरादर और स्टाफ सदस्य सतीश पवार को आगे की जांच तक निलंबित करने का निर्देश दिया।

■ जनेऊ विवाद मामला

# जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार व एलजी प्रशासन में अंतर नहीं : महबूबा

**राजौरी**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) शासित जम्मू-कश्मीर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मौजूदा निर्वाचित सरकार और उपराज्यपाल प्रशासन में कोई अंतर नहीं है। पीडीपी प्रमुख ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि उपराज्यपाल प्रशासन लोगों को पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया करा रहा था, जो मौजूदा सरकार कर रही है।

लेकिन उन लोगों के लिए कोई अंतर नहीं है जिन्होंने वास्तविक बदलाव की उम्मीद में एक लोकप्रिय सरकार को वोट दिया था। मुफ्ती ने नौकरी से निकाले जाने और लगातार गिरफ्तारियों को लेकर सरकार की आलोचना की, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्वाचित शासन की बहाली के बावजूद स्थिति अपरिवर्तित बनी हुई है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि सरकार छह महीने में अपने सभी वादे पूरे कर देगी, लेकिन कम से कम उन वादों को पूरा करने की दिशा में प्रयास तो दिखने चाहिए-जो कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा विधायकों के साथ शक्तियों के हस्तांतरण के बारे में बुलाई गई बैठक का हवाला देते हुए जो पहले एलजी प्रशासन के अधीन थी, मुफ्ती ने सरकार की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार दिहाड़ी मजदूरों की दुर्दशा जैसी सार्वजनिक शिकायतों को दूर करने की तुलना में शक्तियों के हस्तांतरण के बारे में अधिक चिंतित है।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने में डॉ. फारूक अब्दुल्ला की कथित भूमिका पर रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुफ्ती ने कहा कि यह नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा के बीच एक राजनीतिक गठबंधन को उत्प्रेरित करने का एक प्रयास है। पीडीपी अध्यक्ष ने डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला पर विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक पर चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने विधेयक के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा, बल्कि संसद में इसे पेश करने वाले केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।



■ पीडीपी प्रमुख ने अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार पर किया कटाक्ष

## सार संक्षेप

### मोदी ने चन्द्र बाबू नायडू को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और राज्य के विकास के लिए उनके अथक प्रयासों की सराहना की। मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि मेरे अच्छे मित्र और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू गारू को हार्दिक शुभकामनाएं। यह सराहनीय है कि वे भविष्य के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आंध्र प्रदेश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

### गुना एसपी का तबादला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में हाल ही में हुयीं हिंसक घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को स्थानांतरित कर दिया गया है। इस संबंध में शनिवार देर रात आदेश जारी किए गए। सिन्हा को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इंदौर में पदस्थ पुलिस उपायुक्त अंकित सोनी को गुना के नए एसपी के रूप में पदस्थ किया गया है।

### चंवर के पानी में डूबकर बच्चा सहित दो लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में चंवर के पानी में डूबकर एक बच्चा सहित दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जटुआ गांव निवासी ओमप्रकाश राय की पुत्री सोनाली कुमारी एवं भूपेंद्र महतो का पुत्र रूपेश कुमार खेलने के दौरान गांव के समीप से गुजर रहे चंवर के पानी में चला गया। जहां गहरे पानी में चले जाने से उन दोनों की डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### यूएई में भारतीय वायुसेना करेगी युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लेश-10 में अपने जौहर व रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायु सेना प्रवक्ता ने बताया, वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने को संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लेग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायु सेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन व अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं।

# जेईई मेन्स सेशन-2 के टॉपर से मिले ओम बिरला

**नई दिल्ली,** । जेईई मेन्स 2025 के सत्र 2 परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी हुआ। कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहे ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा ने इस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बेहरा से मुलाकात की और बधाई दी। स्पीकर ओम बिरला ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्र को बधाई देते हुए वीडियो शेयर किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कोटा में अध्ययनरत ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा ने जेईई मेन्स 2025 में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। उन्हें इस गौरवपूर्ण सफलता पर शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिश्रम और अनुशासन की मिसाल है, बल्कि कोटा की शैक्षणिक संस्कृति की भी सजीव अभिव्यक्ति है। उन्होंने आगे लिखा, इस सफलता के पीछे ओमप्रकाश के माता-पिता का त्याग और समर्पण विशेष रूप से प्रेरणादायक है। ओमप्रकाश, उनके माता-पिता, शिक्षकों और कोटा की शिक्षण संस्थाओं को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने, यही कामना है। जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी ढेर सारी शुभकामनाएं। बता दें कि रविवार को जारी रिजल्ट में 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किया।



■ ओमप्रकाश को ऐतिहासिक उपलब्धि की दी बधाई

# पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में छिपाई जा रहा सच्चाई : अधीर रंजन

■ ममता बनर्जी सरकार व केंद्र की भाजपा सरकार पर बोला हमला

**बहरामपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। चौधरी ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में गोलीबारी और हिंसा में कई लोग घायल हुए, अस्पताल मरीजों से भरे हैं, लेकिन राज्य सरकार और पुलिस इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई को छुपाया जा रहा है, लोग जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चौधरी ने आगे कहा कि दंगों की परिभाषा अलग है। यहां प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस को इतनी बड़ी घटना का जरा भी अंदाजा नहीं था। इससे राज्य पुलिस की कार्यप्रणाली उजागर हो गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा और आरएसएस की पकड़ मजबूत हो रही है, तो इसके लिए उन्हें ममता बनर्जी को धन्यवाद देना चाहिए। चौधरी ने दावा किया कि ममता के शासन से पहले भाजपा और आरएसएस की राज्य में कोई खास ताकत नहीं थी। उन्होंने न्यायपालिका के भगवाकरण की कोशिशों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसी कोशिशें सफल नहीं होंगी। चौधरी ने भाजपा आलाकमान से अपने नेताओं पर नियंत्रण रखने की मांग की और कहा कि संविधान का मजाक उड़ाने वालों का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। इसके अलावा, चौधरी ने सीपीएम की ब्रिगेड रैली पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सीपीएम की रैली पूरी तरह सफल होनी चाहिए। बंगाल में कांग्रेस और सीपीएम के बीच कई बार विवाद और संघर्ष हुए हैं, लेकिन सीपीएम ने कभी सांप्रदायिक राजनीति नहीं की।



ममता सरकार की कार्यप्रणाली उजागर : अधीर रंजन चौधरी

## सत्तारूढ़ पार्टी संविधान में नहीं करती विश्वास

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से सुप्रीम कोर्ट पर की गई टिप्पणियों पर भी चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी संविधान में विश्वास नहीं करती, यह उनके बयानों से साफ है। लोग अभी भी पुलिस और प्रशासन की तुलना में न्याय व्यवस्था पर ज्यादा भरोसा करते हैं। अगर केंद्र चाहता है कि न्यायपालिका उनके इशारों पर चले, तो देश का भविष्य क्या होगा।

# धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन करेंगें चंपई सोरेन

**जमशेदपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपई सोरेन ने आदिवासियों के धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में रविवार को आयोजित आदिवासी महासम्मेलन को



संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रकृति पूजक आदिवासी समाज को खत्म करने का षड्यंत्र चल रहा है। उन्होंने धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण के दायरे से बाहर करने की मांग करते हुए कहा कि जिन लोगों ने आदिवासी समाज की पूजा पद्धति, परंपराओं और आस्थाओं का त्याग कर दिया है, वे आदिवासी के नाम पर संविधान प्रदत्त अधिकार कैसे ले सकते हैं। भारत जाकात माझी परगना महाल और आदिवासी सावंता सुसार अखाड़ा नामक संगठनों की ओर से आयोजित महासम्मेलन में कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न हिस्सों से आए आदिवासियों ने भाग लिया।

# बांग्लादेश में हिन्दू नेता भबेश चंद्र रॉय की हत्या निंदनीय : माकपा



अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जाने की

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एमए बेबी ने बंगलादेश में हिन्दू नेता भबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा की है। कॉमरेड बेबी ने कहा कि यह खेदजनक है कि अंतरिम सरकार के विभिन्न आश्वासनों के बावजूद बांग्लादेश के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने पर आमादा इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने में सक्षम नहीं है।

बंगलादेश में लोकतांत्रिक ताकतों पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जाए और ऐसी साजिशों को पूरी तरह से विफल किया जाए। माकपा नेता ने कहा कि भारत के लोगों, खासकर पड़ोसी राज्यों के लोगों को सतर्क रहना चाहिए। साथ ही भारत में दक्षिणपंथी हिंदुत्ववादी ताकतों के प्रयासों को विफल करना चाहिए जो बांग्लादेश में इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं का फायदा उठाकर अपने सांप्रदायिक एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि बंगलादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता भबेश चंद्र रॉय (58) की हत्या कर दी।

## रॉय की हिंदू समुदाय में थी बड़ी पकड़

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रॉय का गुरुवार दोपहर को उनके घर से अपहरण कर लिया गया और पीट-पीटकर उन्हें मार डाला गया। रॉय बंगलादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वह ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। चश्मदीदों के मुताबिक, श्री रॉय को पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने उनको बेहोशी हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की रहस्यमयी मौत

**बेंगलुरु**,20 अप्रैल (एजेंसियां)। बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित आवास में कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई। वह 1981 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उन्हें चाकू से गोदकर मारा गया है। पुलिस के अनुसार, उनका शव तीन मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर मिला, जिस पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस को सबसे पहले सूचना उनकी पत्नी पल्लवी ने दी। इसके बाद साउथ ईस्ट डिवीजन के पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।



पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट जॉन अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटी से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, ओम प्रकाश ने कुछ समय पहले अपनी जान को खतरा होने की बात कही थी।

# शिवराज चौहान ने ओबीसी के साथ किया पाप : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ओबीसी आरक्षण और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कथित अत्याचार को लेकर मोहन यादव सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ओबीसी समुदाय के 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं करना चाहती और पीछे के रास्ते से इसे रोक रही है। पटवारी ने कहा कि चाहे पुलिस भर्ती हो या सब-इंजीनियर की, सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगा दी है। पटवारी ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि 18 साल तक ओबीसी वर्ग ने शिवराज को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन उन्होंने ओबीसी के साथ पाप किया। पिछले डेढ़ साल से मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और अब वह भी इस पाप के भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार कोर्ट का हवाला देती है, लेकिन उनके वकील प्रशांत सिंह मामले में सही तरीके से पक्ष नहीं रखते, जिससे आरक्षण लागू नहीं हो पा रहा।

पटवारी ने घोषणा की कि वह मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग करेंगे कि जातिगत जनगणना कराई जाए और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो ओबीसी महासभा के साथ मिलकर कांग्रेस कोर्ट से लेकर सड़क तक संघर्ष करेगी।



■ ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा को घेरा

संकट *जम्मू-कश्मीर में लगातार संकट की चेतावनी दे रहे बागवानी विशेषज्ञ*

# चोटिल पेड़ों पर कालर राट जैसी फंगल बीमारियों का खतरा मंडराया

**जम्मू,** 20 अप्रैल गुलाम नबी भोर में अपने बगीचे में टहल रहे थे, बर्फ की चादर और फटी हुई गुलाबी पंखुड़ियों पर बूटों की खड़खड़ाहट थी। कुछ ही घंटे पहले, उनके सेब के पेड़-नाजुक सफेद फूलों से लदे-फूल रहे थे-बंपर फसल का वादा कर रहे थे। फिर आसमान में तूफान आ गया।

ऐसा लग रहा था जैसे पत्थर बरस रहे हों, नबी ने टूटी शाखाओं और नंगी टहनियों की ओर इशारा करते हुए कहा। एक तूफान और मेरे परिवार की साल भर की कमाई...चली गई। यह कश्मीर का सेब का कटोरा शोपियां है, जहां 80 परसेंट परिवार बागों पर निर्भर हैं। लेकिन बेरहम ओलावृष्टि ने केलर, ट्रेंज और पहनू जैसे गांवों को तबाह कर दिया, जो सबसे खराब समय पर हुआ। खिलने का चरम मौसम। सेब के पेड़ों के लिए, फूल बच्चे होते हैं, वह अवस्था जब फूल फल में बदल जाते हैं। नुकसान बहुत गहरा है। बाग युद्ध के मैदान जैसे लग रहे हैं। कलियां टूट गई हैं, शाखाएं टूट गई हैं, जमीन पर बर्फ जम गई है। जिन किसानों ने खाद और स्प्रे पर हफ्तों और हजारों रुपए खर्च किए, अब उनका नुकसान करोड़ों में है।

62 वर्षीय फारूक अहमद ने एक पेड़ के पास घुटने टेकते हुए कहा था कि हमारे यहां पहले भी तूफान आए हैं, लेकिन कभी भी फूल खिलने के दौरान नहीं। अगर कुछ फल उगते भी हैं, तो वे विकृत हो जाएंगे। बाजार में उनकी कोई कीमत नहीं होगी। बागवानी विशेषज्ञ लगातार संकट की चेतावनी दे रहे हैं। चोटिल पेड़ों पर कालर राट जैसी फंगल बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। फफंद नाशकों का तत्काल छिड़काव न किए जाने पर अगले साल भी विकास में कमी आ सकती है। लेकिन कई किसानों के पास आपूर्ति या मार्गदर्शन की कमी है। नबी ने पूछा, तांबे पर आधारित स्प्रे मदद कर सकते हैं, लेकिन हमें कौन बता रहा है कि कैसे? तूफान ने मौसम से भी गहरी दरारें उजागर कर दीं। फसल बीमा? अधिकांश किसान उपहास करते हैं। पीएमएफबीवाय जैसी सरकारी योजनाओं के बावजूद, यहां बहुत कम लोग नामांकन कराते हैं।

फारूक ने कहा कि पिछले साल, मेरे पड़ोसी ने दावे के लिए आठ महीने इंतजार किया। उसे 5 लाख रुपये के नुकसान के बदले 5,000 रुपये मिले। क्यों परेशान होना? कर्ज एक और समस्या है। कई उत्पादक जम्मू और कश्मीर बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण पर निर्भर हैं। लगातार जलवायु आपदाओं के बाद, पुनर्भुगतान असंभव है। नबी ने कहा कि मैंने स्प्रे और श्रमिकों के लिए 8 लाख लिए थे। अब, सेब नहीं, तो पैसे भी नहीं। बैंक रोजाना फोन करता है। मैं उन्हें क्या बताऊं। डा. जहूर अहमद, एक बागवानी विशेषज्ञ जो नियमित रूप से किसानों को सलाह देते हैं, अधिकारियों से शोपियां को संकटग्रस्त क्षेत्र घोषित करने, ऋण रोकने और सहायता को तेज करने का आग्रह करते हैं।



■ कई किसानों के पास आपूर्ति या मार्गदर्शन की कमी बनी चुनौती

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर


प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर


facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379